# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

**(नवम् सत्र)**

**लिखित उत्तर हेतु प्रश्न**

## वीरवार, 27 अगस्त, 2015/5 भाद्रपद, 1937 (शक् )

----

**[मुख्य मंत्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - वन मंत्री - उद्योग मंत्री - शहरी विकास मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** ].

**कुल प्रश्न - 13**

----

### कौशल विकास भत्ता

1020 **श्री कुलदीप कुमार(चिन्तपुरनी) :**
**श्री रणधीर शर्मा(श्री नैना देवीजी) :**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में कौशल विकास भत्ता योजना के अन्तर्गत कितने लोगों को ट्रेनिंग दी गई और कितनों को रोज़गार मिला; ब्यौरा वर्षवार, जिलाशः संस्थानवार दें?

----

### नेटवर्क

1021 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि यह सत्य है कि चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की 47 पंचायतों तथा अप्पर चुराह क्षेत्र में BSNL नेटवर्क पूरी तरह बंद होने की कगार पर है; यदि हां, तो सरकार इसके सुधार हेतु क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

----

## पेयजल योजनाओं के अधूरे कार्य

1022 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-
(क) वर्तमान में चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मण्डल नेरवा व उप-मण्डल सैंज में Gravity (ग्रैविटी) की पेयजल योजनाओं के कितने कार्य अधूरे हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) जिन ठेकेदारों को ये कार्य दिए गए हैं; ब्यौरा उनके नाम का कार्य सहित दें?

----

## सड़कों की मैटलिंग/टारिंग

1023 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में सरकार द्वारा चौपाल विधान सभा चुनाव क्षेत्र में मैटलिंग और टारिंग के कितने टैन्डर किये गये; ब्यौरा सड़क के नाम तथा व्यय की गई धनराशि सहित दें; और

(ख) इनमें से कितने कार्य पूर्ण हो चुके हैं और कितने शेष हैं; ब्यौरा दें ?

----

## वन विभाग द्वारा सड़क निर्माण

1024 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल)ः**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत वन विभाग द्वारा कितनी सड़कें बनाई गई हैं; ब्यौरा दें;

(ख) इन सड़कों में कुल कितनी धनराशि खर्च की गई; और

(ग) भविष्य में विभाग द्वारा कौन-कौन सी नई सड़क बनाने का प्रस्ताव है; ब्यौरा दें ?

----

## मैडिकल बिलों की प्रतिपूर्ति करना

1025 **श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) प्रदेश के विभिन्न विभागों, बोर्डों, निगमों व स्वायत्तशासी संस्थानों के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के मैडिकल रिइम्बर्समेंट बिल कब-कब से लम्बित हैं; ब्यौरा संस्थानवार दें; और

(ख) इन लम्बित मैडिकल रिइम्बर्समेंट बिलों का भुगतान कब तक कर दिया जाएगा ?

----

## एम0 ओ0 पी0 डिप्लोमा कोर्स

1026 **श्री विनोद कुमार (नाचन)**ः

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि प्रदेश सरकार ने तकनीकी शिक्षा विभाग के अन्तर्गत मॉडर्न ऑफिस प्रैक्टिस (M.O.P.) तीन वर्षीय डिप्लोमा कोर्स वर्ष 1994 में Government Polytechnic College रोहड़ू तथा कंडाघाट में शुरू किया था; और

(ख) यदि हां, तो आज तक कुल 147 M.O.P. डिप्लोमा होल्डर PASS OUT हुए हैं तथा सरकार ने उनको रोज़गार उपलब्ध करवाने हेतु क्या नीति बनाई है; ब्यौरा दें?

----

## अध्यापकों की रिक्तियां

1027 **श्री विनोद कुमार (नाचन)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि माध्यमिक पाठशाला पलौता व खुम्बा में अध्यापकों के पद रिक्त हैं और इन्हें कब तक भर दिया जाएगा?

----

## महाविद्यालय की स्थापना

1028 **श्री रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) दिनांक 11 अप्रैल, 2015 से 31 जुलाई, 2015 तक प्रदेश में कितने नये महाविद्यालय खोले गए; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) नये अधिसूचित महाविद्यालयों के भवन निर्माण के लिए क्या बजट का प्रावधान कर दिया गया है; यदि हां, तो ब्यौरा महाविद्यालयवार स्वीकृत धनराशि सहित दें ?

----

## अध्यापकों की रिक्तियां

1029 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र भटियात के अन्तर्गत प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में कितने अध्यापकों के पद रिक्त हैं और इन्हें कब तक भरा जाएगा; ब्यौरा पाठशाला का विषय एवं पदवार दें?

----

## लम्बित मामले

1030 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू) :**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में विधायक प्राथमिकता के कुल कितने विकासात्मक कार्य F.C.A की clearance हेतु लम्बित पड़े हैं ; ब्यौरा वर्षशः दें;

(ख) कुल्लू जिला के कितने मामले अन्तिम रूप देकर F.C.A clearance हेतु देहरादून स्थित कार्यालय को प्रेषित किए गए हैं; विवरण दें; और

(ग) कितने मामले जिला के विभिन्न विभागों के पास औपचारिकताएं पूर्ण करने हेतु अभी भी लम्बित हैं और उन्हें कब तक F.C.A clearance हेतु भेजा जाएगा?

----

## Vacancy Position

1031 **Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state:-

(a) what is the sanctioned strength of the technical staff i.e. Junior Engineer, Draughtsmen, Surveyors & P.O. under IPH Division Nalagarh;

(b) what is the vacancy position of each category; and

(c) by when, the vacancies of different categories will be filled-up?

----

## **विद्युत विभाग को नुकसान**

1032 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)ः**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्ष 2014 में प्रदेश में भारी हिमपात के कारण विद्युत विभाग के कितने सर्कलों में क्षति हुई; ब्यौरा मण्डलवार दें;

(ख) सरकार द्वारा इस क्षति की भरपाई हेतु कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; ब्यौरा मण्डलवार दें; और

(ग) सरकार ने क्या भविष्य में दोबारा ऐसी प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए कोई योजना बनाई है और यदि हां, तो उसकी प्रति सभा पटल पर रखें ?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा ,**

**दिनांकः 14 अगस्त, 2015.** **सचिव।**